











## इक्फाई विवि : साइबर सुरक्षा के सर्टिफिकेट कोर्स में एडमिशन शुरू

**रांची |** इक्फाई यूनिवर्सिटी में साइबर सुरक्षा का ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया गया है। इसका उद्घाटन वीसी प्रो. ओआरएस राव, दूरसंचार विवाद और अपीलीय न्यायाधिकरण के रजिस्ट्रार बिरेश कुमार ने किया। वीसी ने कहा कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, 95% से अधिक साइबर ठगी लापरवाही और जागरूकता की कमी के कारण होती है। साइबर हमलों से बचने के लिए यह कोर्स मददगार साबित होगा। यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुदीप्त मजूमदार ने भी विचार रखे। रजिस्ट्रार प्रो. अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



## इक्फाइ विवि में साइबर सुरक्षा ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स शुरू

**रांची.** इक्फाइ विवि में साइबर सुरक्षा पर छह सप्ताह के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स का उदघाटन सोमवार को हुआ. दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण के रजिस्ट्रार बिरेश कुमार ने उदघाटन किया. प्रो अजय सिंह बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित थे. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि साइबर अपराध में तेजी आयी है. 95 प्रतिशत से अधिक उल्लंघन लापरवाही और जागरूकता की कमी के कारण होते हैं. इस मौके पर डॉ भगवत बारिक, डॉ सुदीप्त मजूमदार और प्रो अरविंद कुमार मौजूद थे.

02 | खबर मन्त्र | रांची, रविवार 04.12.2022 | राज मन्त्र

इक्फाई यूनिवर्सिटी तीसरे दीक्षांत समारोह में 9 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

# झारखंड के सभी निजी विश्वविद्यालयों के लिए रोल मॉडल बने इक्फाई : राज्यपाल



---

बिहान भारत | झारखंड | 04 दिसंबर 2022 | 03

# इक्फाई यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह आयोजित



---

हिन्दुस्तान | www.livehindustan.com | रांची, रविवार, 4 दिसंबर 2022 | 02

# इक्फाई विश्वविद्यालय के 139 छात्रों को मिली डिग्री



इक्फाई विवि के तीसरे दीक्षांत समारोह में शनिवार को छात्रा को डिग्री देते राज्यपाल रमेश बैस।

रांची, प्रमुख संवाददाता। इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का तीसरा दीक्षांत समारोह शनिवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस व सम्मानित अतिथि जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय मौजूद थे। समारोह में स्नातक के 139 छात्रों को डिग्री व 7 को पीएचडी की डिग्री दी गई। विभिन्न पाठ्यक्रमों के टॉपरों को 9 स्वर्ण व 9 रजत पदक भी प्रदान किए गए।

राज्यपाल ने झारखंड के छात्रों को शुल्क में रियायत देने के लिए विवि की पहल की सराहना की। साथ ही यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स, यूके में अध्ययन करने के लिए झारखंड सरकार की ओर से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए विवि की छात्रा संगीता कच्छप को बधाई दी।

विवि के चांसलर डॉ टीआर के राव ने छात्रों को सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने व उद्यमी बनने की इच्छा रखने की सलाह दी। कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि कोविड के बावजूद विवि ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी स्नातक छात्रों को डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, स्वाध्याय का उपयोग करके बिना किसी रुकावट के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। मौके पर रजिस्ट्रार प्रो अरविंद कुमार, शिक्षक, छात्र व विवि कर्मी मौजूद थे।

---

प्रातः आवाज | झारखंड

# इक्फाई यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह आयोजित

2022 में स्नातक करने वाले 139 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई, नौ छात्र स्वर्ण पदक से सम्मानित



---

राष्ट्रीय सागर | विविध | 12

इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 139 छात्रों को मिली डिग्री

# कठिन परिश्रम व सकारात्मक सोच से मिलती है मंजिल : रमेश बैस

सात को मिली पीएचडी की उपाधि, नौ छात्रों को गोल्ड एवं नौ को सिल्वर मेडल से किया गया सम्मानित



उद्यमिता विकास को बनाएं लक्ष्य : डॉ. टीआरके राव

---

# पूर्वांचल सूर्य

दैनिक | रांची | रविवार 4 दिसंबर 2022 | पृष्ठ : 12

## कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच से मिलती है मंज़िल : रमेश बैस

- इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 139 छात्रों को मिली डिग्री
- सात को मिली पीएचडी की उपाधि
- 9 छात्रों को गोल्ड एवं 9 को सिल्वर मेडल से किया गया सम्मानित
- राज्यपाल व कुलाधिपति ने हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर दिया बल



उद्यमिता विकास को बनाएं लक्ष्य : डॉ.टीआरके राव

सन्मार्ग | रांची, बुधवार, 30 नवंबर 2022 | www.live7tv.com | 03

**एक झलक**

## तीन दिसंबर को इक्फाई विवि का दीक्षांत समारोह, राज्यपाल करेंगे शिरकत

**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह 3 दिसंबर को आर्य भट्ट सभागार, मोरहाबादी में दोपहर 2 बजे आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेश बैस शिरकत करेंगे। अतिथि सम्मान जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय, सिटिंग जज, झारखंड उच्च न्यायालय व प्रभारी न्यायाधीश, नेशनल यूनिवर्सिटी फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च इन लॉ रांची के होंगे। 2022 में स्नातक करने वाले 139 छात्रों को डिग्री दी जायेगी। इसमें 7 पीएचडी डिग्री शामिल हैं। 2022 में स्नातक करने वाले सभी छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर दीक्षांत समारोह के लिए तुरंत ऑनलाइन पंजीकरण कराएं। विश्वविद्यालय के सभी पूर्व छात्रों की बैठक उसी दिन संध्या 6.30 बजे काव्स रेस्टोरेंट, हरमू रोड में होगी।

04 | खबर मन्त्र | रांची, बुधवार 30.11.2022 | रांची सिटी

## इक्फाई विवि का दीक्षांत समारोह 3 को, गवर्नर होंगे मुख्य अतिथि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का तीसरा दीक्षांत समारोह 3 दिसंबर शनिवार की दोपहर 2 बजे से मोरहाबादी के आर्यभप्त सभागार में आयोजित किया गया है। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस होंगे। उन्होंने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने और मुख्य अतिथि बनने की सहमति दे दी है।

### अनुस्मरण-2022 काव्स में बैठक

**इक्फाई** विश्वविद्यालय के सभी पूर्व छात्रों की बैठक 3 दिसंबर 2022 (शनिवार) को शाम 6.30 बजे काव्स रेस्टोरेंट, हरमू रोड, रांची में आयोजित की जाएगी।

समारोह के दौरान डिग्री प्रदान की जाएगी। इसमें 7 पीएचडी डिग्री

## इक्फाइ विवि का दीक्षांत समारोह तीन दिसंबर को

**रांची.** इक्फाइ विवि का तीसरा दीक्षांत समारोह तीन दिसंबर को है. मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस होंगे. वहीं, विशिष्ट अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर मुखोपाध्याय होंगे. समारोह का आयोजन अपराह्न दो बजे से होगा. दीक्षांत समारोह में 2022 में स्नातक करने वाले 139 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जायेगी. इनमें सात पीएचडी डिग्री शामिल हैं. विवि के जनसंपर्क अधिकारी अमर कुमार गुप्ता ने 2022 में स्नातक करने वाले सभी विद्यार्थियों आग्रह किया है कि वे विवि की वेबसाइट के माध्यम से तत्काल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. तीन दिसंबर की शाम साढ़े छह बजे पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की बैठक भी होगी.

दैनिक भास्कर रांची 30-11-2022

## इक्फाई विवि : दीक्षांत समारोह में 3 को 139 छात्रों को मिलेगी डिग्री

**रांची|** इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड का तीसरा दीक्षांत समारोह तीन दिसंबर को दिन के दो बजे आरयू के आर्यभट्ट सभागार होगा। इसमें वर्ष 2022 में पास आउट 139 स्नातकों को उपाधि प्रदान की जाएगी। वहीं सात पीएचडी अवार्डी को भी उपाधि प्रदान की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस होंगे। वहीं जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय सम्मानित अतिथि होंगे। यूनिवर्सिटी

रांची, बुधवार, 30 नवंबर, 2022
दैनिक जागरण

## इक्फाई यूनिवर्सिटी का दीक्षा समारोह तीन दिसंबर को

रांची : इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड के तीसरे दीक्षा समारोह का आयोजन तीन दिसंबर को रांची यूनिवर्सिटी के आर्यभट्ट सभागार मोरहाबादी में होगा। इसमें झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय, सिटिंग जज, झारखंड उच्च न्यायालय और प्रभारी

सन्मार्ग | रांची, बुधवार, 30 नवंबर 2022 | www.live7tv.com | 03

एक झलक

तीन दिसंबर को इक्फाई विवि का दीक्षांत समारोह, राज्यपाल करेंगे शिरकत

रांची : इक्फाई विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह 3 दिसंबर को आर्य भट्ट सभागार, मोरहाबादी में दोपहर 2 बजे आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेश बैस शिरकत करेंगे। अतिथि सम्मान जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय, सिटिंग जज, झारखंड उच्च न्यायालय व प्रभारी न्यायाधीश, नेशनल यूनिवर्सिटी फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च इन लॉ रांची के होंगे। 2022 में स्नातक करने वाले 139 छात्रों को डिग्री दी जायेगी। इसमें 7 पीएचडी डिग्री शामिल हैं। 2022 में स्नातक करने वाले सभी छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर दीक्षांत समारोह के लिए तुरंत ऑनलाइन पंजीकरण कराएं। विश्वविद्यालय के सभी पूर्व छात्रों की बैठक उसी दिन संध्या 6.30 बजे काव्स रेस्टोरेंट, हरमू रोड में होगी।

